तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 8 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 विक्षोभ के प्रभाव से दोपहर में छाया अंधेरा तेज रफ्तार अंधड़ के साथ हल्की वर्षा



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## तीन जिलों की 2197 मतदान केंद्रों में उमड़ी लोगों की भीड़, नहीं जारी हो पाया अंतिम आंकड़ा

# सरगुजा सीट पर शाम पांच बजे तक 74.17 प्रतिशत मतदान





मतदान केन्द्रों के बाहर मतदाताओं की कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को तीसरे चरण में सरगुजा संसदीय सीट के लिए शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराया गया। इस दौरान मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सरगुजा संसदीय सीट के आठ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2197 मतदान केंद्रों में मतदान किया गया और शाम पांच बजे तक की स्थिति में सरगुजा में कुल 74.17 प्रतिशत मतदान हुआ। संसदीय क्षेत्र में कुल 18 लाख 19 हजार 347 मतदाताओं में से शाम पांच बजे तक 13 लाख 49 हजार 433 मतदाताओं ने मतदान किया जबकि कुछ केंद्रों में देर शाम तक मतदान जारी रहा ऐसे में मतदान के वास्तविक आंकड़े नहीं मिल पाए है। वास्तविक आंकड़े आने पर मतदान प्रतिशत में वृद्धि होने की बात कही जा रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा संसदीय सीट के लिए मंगलवार को मतदान किया गया। आम चुनाव को लेकर लेकर संभाग के तीनों जिलों में खासा उत्साह देखने को मिला और सुबह से ही लोग कतार में लग गए थे। चुनाव के लिए सरगुजा जिले में कुल 786, बलरामपुर जिले में 683 व सूरजपुर जिले में 728 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुविधाओं की दृष्टि से सभी जिलों में संगवारी, दिव्यांग व आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुई लेकिन मतदान केंद्रों के बाहर मतदान केंद्र के बाहर लोगों की भीड़ पहुचनी शुरू हो गई थी। भीषण गर्मी के बाद भी लोग सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर कतार में लगकर अपनी बारी का इन्तजार करते रहे और 12 बजे तक काफी तेज गति से मतदान हुआ। हालांकि दोपहर में मतदान प्रतिशत में थोड़ी कमी आई लेकिन उसके बाद शाम को मौसम में बदलाव के बाद एक बार फिर मतदान का प्रतिशत काफी तेजी से बढ़ा। हालांकि ज्यादातर मतदान केंद्र खाली नजर आए और लोग अपनी सुविधा के अनुसार मतदान कर आसानी से वापस लौट गए। इस बात मतदान का समय एक घंटे बढ़ाया गया था और इसका फायदा भी लोगों को मिला और शाम छह बजे तक लोग मतदान केंद्र पहुंचते रहे ऐसे में तीनों जिलों के कुछ मतदान केंद्रों में शाम सात बजे के बाद भी मतदान का क्रम जारी था।

**खास बात**

- लोकतंत्र के महापर्व में दिखा उत्साह

## खबर संक्षेप

### 1102 मतदान केंद्रों पर कैमरे की नजर

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी गई। मतदान को शांतपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया था जहां से सीसीटीवी कैमरों से मतदान के प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही थी। सरगुजा लोकसभा की बात की जाए तो यहां 8 विधानसभा क्षेत्र में कुल 2197 पोलिंग बूथ बनाए गए थे जिनमें से 1102 पोलिंग बूथ पर कैमरों से निगरानी रखी गई। सीसीटीवी की मदद से सरगुजा जिले के 393, सूरजपुर जिले के 366 व बलरामपुर जिले के 343 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की गई।

### पहली बार मतदान कर साझा किया अनुभव

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव में इस बार युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान के पर्व में युवा मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया है। इस बीच बालक प्राथमिक शाला बतौली मतदान केंद्र क्रमांक 43 में वोट डालने आए बीएससी प्रथम वर्ष में अध्ययनरत श्रेयांश गुप्ता एवं 12वीं के छात्र सारांश गुप्ता ने पहली बार वोट डाला। उंगली पर लगी नीली स्याही दिखाते हुए दोनों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज हमने फर्स्ट टाइम वोट डाला है और ये अनुभव बहुत अच्छा रहा। वहीं 18 वर्ष की दीपिका सोनी ने बताया कि मैने विधानसभा निर्वाचन में पहली बार वोट डाला था, आज यहां लोकसभा निर्वाचन में दूसरी बार वोट डालने का मौका मिला है। यहां व्यवस्था बहुत अच्छी है। फ़ोटो लेने के लिए सेल्फी बुथ बना हुआ है मैंने भी वोट डालकर सेल्फी ली है।



### चुनाव सम्पन्न कराने के बाद लौटे मतदान दल, किया गया स्वागत



अम्बिकापुर। लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग सम्पन्न कराया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान पूर्ण होने के बाद मतदानकर्मी वापस लौटने शुरू हो गए थे। तीनों जिलों में बनाए गए कंट्रोल रूम में मतदान दल चुनाव कराकर वापस लौटे तो उनका जिला निर्वाचन द्वारा स्वागत किया गया। सरगुजा में लुण्ड्रा से प्राथमिक शाला रामनगर 31 मतदान दल ने सबसे पहले पॉलीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर परिसर में सकुशल वापसी की है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर ने सर्वप्रथम लौटे मतदान दल का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया और निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन पर सराहना की और बधाई दी। वहीं बलरामपुर जिले में मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों की वापसी लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम में वापसी होना शुरू हो गया है। जबकि सुरजपुर जिले के आईटीआई पर्री में मतदान दलों के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया।

## चुनचुना एवं पुंदाग में भी जमकर हुई वोटिंग





बलरामपुर/राजपुर। लोकसभा चुनाव में आज बलरामपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुनचुना पुंदाग में भी मतदान केंद्रों के बाहर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मतदान प्रतिशत तेजी से बढ़ा। बड़ी बात यह है कि इस बार भी मतदान दल सड़क मार्ग से गांव तक मतदान कराने पहुंचे थे। अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के कारण जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे जिससे भयमुक्त होकर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र का रास्ता चुन अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मत दिया। सामरी विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र चुनचुना में 767 मतदाता तथा पुदांग में 595 मतदाताओं के लिए प्राथमिक शाला चुनचुना व माध्यमिक शाला पुंदाग को मतदान केन्द्र बनाया गया जहां मतदाता सुबह से ही अपने घर के कामों को छोड़कर बढ़-चढ़कर मतदान की प्रक्रिया में शामिल हुए। शाम 5 बजे तक चुनचुना में 84.35 प्रतिशत तथा पुंदाग में 72.44 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जबकि विधानसभा चुनाव 2023 में चुनचुना में 84.16 प्रतिशत तथा पुंदाग में 71.04 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## घोड़े पर सवार होकर पहुंचा मतदाता



लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर अलग अलग नजारे देखने को मिले। आधुनिकता के युग में भीषण गर्मी के कारण एक तरफ मतदाता अपनी चार पहिया एसी वाहनों में, बाइक पर मतदान के लिए पहुंचे थे तो वहीं रामानुजगंज विधानसभा के सागरपुर मतदान केंद्र में एक मतदाता घोड़े पर सवार होकर पहुंचा था। सागरपुर निवासी परिमल डे मंगलवार को मतदान करने पहुंचे तो उन्हें देखने लोगों की भीड़ लग गई। आधुनिकता से दूर परिमल डे घोड़े पर मतदान केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से अवश्य मतदान करने का सन्देश दिया। परिमल डे बकरियां चराने का काम करते है और इसके लिए वे घोड़े का इस्तेमाल करते है।

## सर्वाधिक महिला मतदाताओं ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव में इस बार तीनों जिलों की आठ विधानसभाओं में कुल 18 लाख 19 हजार 347 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 9 लाख 4 हजार 915 पुरुष, 9 लाख 14 हजार 398 महिला तथा 34 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। आज संसदीय सीट के सरगुजा सूरजपुर व बलरामपुर जिले कुल 2197 पोलिंग बूथ में मतदान कराया गया। चुनाव में शाम पांच बजे तक की स्थिति में 13 लाख 39 हजार 433 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इनमें 6 लाख 70 हजार 616 पुरुष, 6 लाख 78 हजार 802 महिला शामिल है। सरगुजा संसदीय सीट में कुल मतदान प्रतिशत 74.17 रहा। इनमें 74.11 प्रतिशत पुरुष, 74.23 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया है जबकि 44.12 प्रतिशत थर्ड जेंडर महिलाओं ने मतदान किया है। इसी तरह सरगुजा जिले में 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हो चुकी है। विधानसभा लुंड्रा में 75.62 प्रतिशत,अंबिकापुर में 70.46 प्रतिशत व सीतापुर में 71.93 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सूरजपुर जिले में शाम 5 बजे की स्थिति में विधानसभा प्रेमनगर में 74.66 प्रतिशत, भटगांव में 73.98 प्रतिशत, प्रतापपुर में 77.73 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बलरामपुर जिले के आंशिक मतदान केंद्र प्रतापपुर में 83.32, विधानसभा रामानुजगंज में 83.51 व सामरी में 83.44 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## विवाह के बाद मतदान करने पहुंचा जोड़ा, कोई पहुंचा हल्दी लगाकर







लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए विवाद के बाद नव विवाहित जोड़ा वोट डालने के लिए पहुंचा। लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भरतपुर में स्थित संगवारी मतदान केंद्र में नव विवाहित जोड़ा रामेश्वर राजवाड़े ने पत्नी श्रीमती गणेश्वरी राजवाड़े के साथ पहुंचकर मतदान किया और लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसी तरह सूरजपुर जिले के भैयाथान अंतर्गत बैजनाथपुर स्थित मतदान केंद्र में विवाह से पहले नंदकेश्वर राजवाड़े मतदान करने पहुंचा। नंदकेश्वर का विवाह 9 मई को होना है इसके पूर्व लोकसभा चुनाव में नंदकेश्वर हल्दी लगवाकर मतदान करने पहुंचा।

## देर शाम तक मतदान केन्द्रों में लगी रही लंबी लाइन

# कोरिया में 80 प्रतिशत तो एमसीबी में 75 प्रतिशत मतदान, 27 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने मंगलवार की अलसुबह से ही मतदान केन्द्रों में अच्छी खासी भीड़ उमड़ी रही। कोरिया-एमसीबी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मन पंसद सांसद के चुनाव के लिए बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई।

शाम 5 बजे तक कोरिया जिले में 76.90 प्रतिशत मतदान, वहीं एमसीबी जिले में 74.68 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाम 6 बजे के बाद भी कई केन्द्रों में वोटिंग का क्रम जारी रहा। दोनों जिले में मतदान के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। इसी के साथ कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनावी मैदान में उतरे 27 प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हीएम में कैद हो गई है। 7 मई को लोकतंत्र के इस महापर्व में युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग वर्ग समेत अन्य वर्गों के लोगों ने अपनी सहभागिता बढ़-चढ़ कर निभाई। कोरिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि सभी 228 मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थित तरीके से मॉक पोल कराने के बाद सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रारंभ हुआ। गर्मी के मद्देनजर सुबह से ही सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता पहुंचकर उत्साह से मतदान किए। सभी जगहों पर मतदाता के लिए पेयजल, छाया सहित विश्राम स्थल बनाए गए थे। कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ मतदान केन्द्रों में भी काफी संख्या में मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे। सोनहत जनपद के अंतर्गत ग्राम बड़वार, पहाड़पारा मतदान केन्द्र 192 में मतदान करने पहुंचे 70 वर्षीय श्रीमती कैलाशो बाई और करीब 73 वर्षीय किशुन राजवाड़े ने हंसते हुए बताया कि हम तो वोट डाल दिए हैं, अपना काम कर दिए, बाकी मतदाता भी वोट डालने पहुंचे। इस मतदान केन्द्र में 230 महिला मतदाता हैं एवं पुरूष मतदाताओं की संख्या 220 है। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए छांव, ठंडा पानी, कूलर, ओआरएस की घोल की व्यवस्था की गई है।

### मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल देने की रही व्यवस्था

मंगलवार को जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में लोकतंत्र के महापर्व मतदान में शामिल होने के लिए काफी संख्या में मतदाता कतार में लगे हुए रहे। युवा मतदान केन्द्र 119 खाड़ा व दिव्यांग मतदाता केन्द्र 120 जमगहना में मतदाताओं के लिए ओआरएस घोल देने की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मतदाताओं को घोल बनाकर दे रहे हैं, वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई। काफी संख्या में इन मतदान केन्द्रों में शिशुवती माताएं कतार में लगी रही तो बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता भी बड़े उत्साह के साथ मतदान में भाग लेते नजर आए।

### जिले की विभिन्न मतदान केंद्रों में लगी रही लंबी कतार

जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में मंगलवार को लोकतंत्र के महापर्व मतदान में शामिल होने के लिए बुजुर्गो सहित काफी संख्या में मतदाता कतार में लगे रहे। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए पानी, छांव की व्यवस्था की गई थी, वहीं बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं को मतदान कराने में प्राथमिकता दी गई। सुबह करीब 7.15 बजे आदर्श मतदान केन्द्र 31 चेरवापारा एवं मतदान केन्द्र 32 छरछापारा में बुजुर्ग महिला सहित काफी संख्या में मतदाता, मतदान करने कतार में लग गए थे।



## चिंतामणी महाराज ने कतार में लगकर डाला वोट

कुसमी। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने आज सपरिवार गृहग्राम श्रीकोट में पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में मुझे जनता का आशीर्वाद मिलेगा। सरगुजा संभाग की जनता के लिए काम करने का अवसर मिलेगा तो अंबिकापुर में रेलवे विस्तार के साथ ही बच्चों की उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दरिमा में हवाई सेवा शुरू करने के लिए पहल की जाएगी और सरगुजा के पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा।

## जनता के लिए करना है काम: शशि



सरगुजा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने अपने गृहग्राम शिवपुर में मतदान किया। इस दौरान वे कतार में लगकर अपना वोट डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो आने वाले समय में महिलाओं, युवाओं, बेरोजगार व किसानों के साथ ही सरगुजा की जनता के लिए काम करना है।

## विधायक ने अपनी मां के साथ किया मतदान




लखनपुर। लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार को अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने अपनी 85 वर्षीया माता का आशीर्वाद लेकर मतदान किया। विधायक श्री अग्रवाल परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे थे।





## चुनाव में कांग्रेस के लिए सुधार की स्थिति : टीएस

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने मतदान किया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में 75 पार का नारा छत्तीसगढ़ में दिया था। छत्तीसगढ़ और हमने देखा कि अंजाम क्या हुआ। मतदाताओं की मंशा को पहले से इस तरह से प्रचारित करना फिर मार्केटिंग करना। मार्केटिंग भी ऐसा करना कि उसी प्रोडक्ट के ऊपर लोगों का विश्वास भी बने। 75 पर नहीं हो सकता था तो वही 400 पार भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए सुधार की स्थिति है। किसे कितनी सीट मिलेगी पता नहीं चलता, मतदाता भी खामोश रहता है। अटकलें लगाई जाती है कि वोटिंग कम हो रही है तो क्या होगा। मतदाता चुप है तो क्या करेगा पता नहीं चलता लेकिन एक बात स्पष्ट रूप से कही जा सकती है कि देशभर में कहीं भी लहर नही है। जिस तरह से 2014 और 2019 में लहर देखने को मिली थी। छत्तीसगढ़ में 11 सीट में से 8 सीटों में अच्छी स्थिति होगी लेकिन 3 सीटों में टक्कर का मुकाबला देखने को मिलेगा। श्री सिंहदेव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड की सच्चाई सामने आने के बाद भाजपा के पास अब कुछ रह नहीं गया है बोलने के लिए। उन्होंने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग को इतना फैला हुआ नहीं होना चाहिए। 7 चरणों में चुनाव कराने का कहीं से औचित्य नहीं है। अन्य राज्यों की बात करें तो तमिलनाडु में 39 से 40 सीटें हैं और जहां एक साथ चुनाव किए जा रहे हैं तो वहीं अन्य राज्यों में 7 चरणों में चुनाव हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 11 सीटें है और एक साथ चुनाव हो सकते थे लेकिन लेकिन ऐसा क्या है कि बस्तर में ही उन्हें दो चरणों में चुनाव करवाना पड़ रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि अनफेयर तरीके से प्रचार करने का मौका अन्य दलों को दिया जा रहा है।




## विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत

**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया।

लाइफ Style

# शिल्पा

## गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं।

वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का 'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप बाहर जा रहे हों और अलग दिखने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी चुनना हो तो इस तरह का आउटफिट चुनना सही है।'

### हॉलीवुड मसाला

## अद्भुत एक्टर थे बर्नार्ड हिल




**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के बड़े एक्टर्स में गिने जाने वाले बर्नार्ड हिल का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1997 में आई 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रायोलॉजी में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। इस बात की जानकारी मशहूर स्कॉटिश सिंगर और म्यूजिशियन बार्बरा डिक्सन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। बारबरा डिक्सन ने लिखा है, 'बहुत दुख की बात है कि मुझे बर्नार्ड हिल के निधन के बारे में लिखना पड़ रहा है।




## एक बार फिर अंतरिक्ष की सैर करेंगे रयान गोसलिंग

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता रयान गोसलिंग अपनी फिल्म 'द फॉल गाई' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। कुछ ही दिन पहले बर्लिन में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया था। वहीं, अब दर्शक भी इस फिल्म का मजा ले रहे हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड लीच ने किया है। 'द फॉल गाई' में दर्शकों को एक से बढ़कर एक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के अलावा रयान अपनी अगली फिल्मों से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। रयान गोसलिंग के फैंस के लिए बड़ी खबर यह है कि एक बार फिर से उन्हें अंतरिक्ष यात्री के किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है। वह आने वाले दिनों में फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह रायलैंड ग्रेस की भूमिका निभाने जा रहे हैं।



## कंगना ने अमिताभ से की तुलना, उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोस प्रत्याशी कंगना इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। एक भाषण के दौरान कंगना ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना कह रही हैं, 'सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं... ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।'



## पिता की आखिरी इच्छा पूरा नहीं कर पाए

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं, जो शानदार फिल्में बनाने और कहानियों को खूबसूरती से बयां करने के लिए जाने जाते हैं। नेटफ्लिक्स पर उनका पहला वेब शो 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' इस बात को साबित कर रहा है। 'हीरामंडी' लोगों को पसंद आ रही है। इसमें भंसाली ने अपनी बनाई जादुई दुनिया दिखाई है। शो में बड़े और खूबसूरत सेट, शानदार सीन्स, बेहतरीन डायलॉग्स, कमाल का कैमरा वर्क और शानदार म्यूजिक है। हालांकि भंसाली अपनी फिल्मों में भावनाओं को बखूबी दिखाने में माहिर हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पिता नवीन भंसाली कभी सफलता नहीं पा सके थे। अब अपने नए इंटरव्यू में भंसाली ने अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा न कर सकने का इमोशनल किस्सा सुनाया है।

### टीवी मसाला



## सुनील पाल ने कहा, अच्छा है कपिल का शो बंद हो रहा

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी पर नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। खास बात ये भी रही कि कई सालों के बाद दर्शकों को कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक साथ पर्दे पर देखने को मिली। शो पर कई सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार-चांद लगाया। लेकिन ये पहला ऐसा मौका रहा जब इस शो को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिला, जितना हर बाद देखने को मिलता था। ऐसे में बीते दिनों कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बंद होने की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया। ऐसे में अब सुनील पाल ने कपिल के शो के बंद होने की खबर पर रिएक्ट किया है। सुनील पाल ने कहा, ''द ग्रेट इंडियन कपिल शो' जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रहा था। सुनने में आ रहा है कि ये शो बंद हो रहा है। तो मैं कपिल से ये कहना चाहूंगा कि अच्छा है जो आपका शो यहां से बंद हो रहा है, क्योंकि आप नेटफ्लिक्स ओटीटी के आर्टिस्ट नहीं हो, आप टीवी के घर-घर के आर्टिस्ट हो। मैंने कहा था कि घर-घर में देखा जाता है सिर्फ कपिल शर्मा को।

### टीवी से परिणीति ने किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** अमर सिंह चमकीला में अपनी एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोर रहीं परिणीति चोपड़ा के बारे में सब जानते हैं कि उन्होंने फिल्म 'इश्कजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, ऐसा है नहीं। परिणीति ने फिल्मों से नहीं, बल्कि टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मॉय रीयल डब्यू।' परिणीति ने जो वीडियो शेयर किया उसमें वो दूरदर्शन के किसी शो में गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति ने 13 साल की उम्र में सबसे पहले कैमरा फेस किया था। वीडियो में वो लाल रंग का सूट पहने हुई हैं। परिणीति वीडियो में दूसरे बच्चों के साथ से 'अपने देश की सेवा करेंगे हम' गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति की थ्रोबैक वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। परिणीति चोपड़ा इन दिनों 'अमर सिंह चमकीला' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं।



## शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही थे ऑनलाइन एक्टिव...

### इंडस्ट्री का बना कंप्यूटर गुरु

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीनत अमान, वैजयंती माला और जीतेंद्र सहित कई पुराने दौर के एक्टर हैं, जो आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और लोगों के साथ सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहते हैं। लेकिन, इनमें से 'इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु' कोई नहीं बना। जबकि शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही ऑनलाइन एक्टिव था।



शम्मी कपूर ने 'कभी खुद को कहा 'जंगली' तो कभी कहा 'जानवर'। लेकिन, जब इनका अंदाज देखा तो सबने कहा 'तुम सा नहीं देखा कोई दूसरा हुजूर। उसके जीन में अदाकारी था। उस खानदान में वह पैदा हुए, जहां थिएटर पेशा भी था और व्यवसाय भी। घर में रात-दिन सिर्फ एक्टिंग की बातें हुआ करती थी। उन्होंने मुमताज, साधना, जीनत अमान सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन को शेयर किया। उन्होंने 60-70 के दशक में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में देकर अपने पिता का नाम रोशन किया। जिस दौर में लोग डाकघर में चिट्ठियों को पोस्ट किया करते थे, उस दौर में वह इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु बन गए थे। शम्मी कपूर और मुमताज के प्यार के किस्से जितने मशहूर हैं, उतना ही उनका कंप्यूटर से प्यार में पड़ जाने वाले किस्से हैं।

जब भारत में ज्यादातर लोग इंटरनेट के बारे में जानते भी नहीं थे, शम्मी उस वक्त इंटरनेट पर काफी एक्टिव हो चुके थे। ये सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन ये सच है। जिस दौर में लोग पर्सनल कंप्यूटर के बारे में सोचते भी नहीं थे, शम्मी के पास खुद का कंप्यूटर और इंटरनेट हुआ करता था। वह कंप्यूटर के घरेलू इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले पहले भारतीय थे।

## 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज



*नई दिल्ली।* *वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाईं, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं।*

### अजय की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है

## ओटीटी के सबसे महंगे स्टार हैं अजय देवगन

*पिछले 2-3 साल में ओटीटी की दुनिया में बड़ा उछाल देखा गया। खासकर कोविड-19 महामारी के कारण थिएटर बंद होने के बाद। ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अजय देवगन, सैफ अली खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सोनाक्षी सिन्हा और सामंथा रुथ प्रभु जैसे बड़े सुपरस्टारों को अट्रैक्ट कर रहे हैं जो भारत के पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी 5 का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।*

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है कई कलाकार भी उन पर आने के लिए अच्छी-खासी फीस ले रहे हैं। कुछ सुपरस्टार्स अपने ओटीटी शोज के जरिए करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। ओटीटी पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन हैं। जिन्होंने 2022 में हॉटस्टार के क्राइम थ्रिलर शो 'रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था।

अजय देवगन हमेशा से ही बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं, लेकिन अपनी वेब सीरीज के बाद अजय देवगन ओटीटी पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर भी बन गए। एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजय देवगन ने 'रुद्र: द एज ऑफ डार्कनेस' के सात एपिसोड के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है। यह सीरीज ब्रिटिश शो 'लूथर' का ऑफीशियल रीमेक है। कथित तौर पर अजय देवगन ने प्रति एपिसोड 18 करोड़ रुपए लिए जिससे वह भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले ओटीटी स्टार बन गए। अजय देवगन की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है। ओटीटी में एक और पॉपुलर एक्टर मनोज बाजपेयी हैं जो वेब सीरीज और फिल्मों में एक्टिंग के लिए अच्छी खासी फीस लेते हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी के रोल के बाद सबके फेवरेट बन गए।



### बिग बी और रजनीकांत की जोड़ी ने तोड़े हैं कमाई के सारे रिकॉर्ड



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और रजनीकांत भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज कलाकार हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी से दोनों ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन दिनों दोनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अमिताभ नाग अश्विन द्वार निर्देशित 'कल्कि 2898 ए.डी.' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनक राज की फिल्म 'कुली' में नजर आने वाले हैं। गत दिवस अमिताभ ने रजनीकांत के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों के प्रशंसक इसे देख कर काफी उत्साहित हो गए थे। दशकों तक लगातार फिल्मों में सक्रिय रहने के दौरान दोनों अभिनेताओं ने कुछ मौकों पर साथ में स्क्रीन साझा किया है।

साल 1991 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमिताभ और रजनीकांत साथ में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत ने अमिताभ के छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मुकुल आनंद ने संभाली थी। फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा गोविंदा, किमी काटकर, डैनी डेंजोंगपा, अनुपम खेर आदि कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में तीन खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** इंदौर में होने वाली 74वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में सरगुजा जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में किया गया है। सरगुजा बास्केटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी साक्षी तिर्की, रिमझिम मिश्रा व आयुष चौबे छत्तीसगढ़ जूनियर बास्केटबॉल टीम में बालक व बालिका वर्ग में खेलकर सरगुजा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के इंदौर में 8 से 14 मई तक चलेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला के महात्मा गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड पर सुबह - शाम नियमित अभ्यास करते हुए तीनों खिलाड़ीयों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 2024 सरगुजा जिला के लिए बास्केटबॉल खेल से सरगुजा जिला का मान बढ़ाया है साथ ही नवनिर्मित सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट पर नियमित निःशुल्क बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे स्थानीय प्रतिभा निखारने में मदद मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर के मंच पर खेलने का जिले के खिलाड़ियों को मिल सकेगा।

### नाबालिग से गाली गलौज व अभद्र बात करने वाला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग से गाली गलौज व अश्लील मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केनाबांध निवासी राजा सोनी की नाबालिग से जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी युवक बातचीत करता था। आरोपी ने नाबालिग के फोटो को इंस्टाग्राम में डालकर बदनाम करने की कोशिश की और जब नाबालिग ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उससे गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने नाबालिग से अभद्र बातचीत की। इस मामले में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने जांच उपरान्त केनाबांध निवासी 22 वर्षीय राजा सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई रम्भा साहू, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, सियाराम मरावी, महिला आरक्षक सरस्वती सिंह, आरक्षक प्रमोद सिंह, शिव राजवाड़े, राजेंद्र गढ़ेवाल शामिल रहे।

### दुष्कर्म करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म

**अम्बिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवक ने न सिर्फ युवती से दुष्कर्म किया बल्कि उसे छोड़ चला गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला



दर्ज कर आरोपी को कुछ घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी युवक को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना क्षेत्र निवासी युवती 7 जनवरी को कपड़ा सिलवाने के लिए गई थी। जहां से वापस घर लौट रही थी तभी जंगल के समीप लक्ष्मणगढ़ निवासी गुड्डन राम मिला और युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवक शादी का झांसा देकर दो माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया और युवती को छोड़ चला गया। पीड़िता ने गत दिन घटना की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 376 (2) (एन), 506 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के कुछ घंटे के भीतर ही आरोपी गुड्डन राम (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूछताछ में युवक ने युवती से दुष्कर्म करने बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, प्रधान आरक्षक राजनाथ, महिला आरक्षक प्रियंका तिर्की, आरक्षक देवेंद्र सिंह, अजय शर्मा सक्रिय रहे।

## बेमौसम बारिश व आंधी की वजह से हुई परेशानी

# मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह, सुबह साढ़े छह बजे से कतार में लग गए मतदाता



लैम्प की रौशनी में मतदान की प्रक्रिया पूरी करते मतदानकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के मंगलवार को तीसरे चरण का मतदान बिना किसी अवरोध शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।मतदान को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। भीषण गर्मी व लू से बचने मतदाता बड़े सबेरे मतदान शुरू होने से पहले मतदान केंद्रों में पहुंच कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

**खास बात**

- कई मतदान केन्द्रा की ईवीएम मशीन में आई खराबी

सुबह दस बजे तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं का हुजूम उमड़ा दिखा। मंगलवार की सुबह से आसमान में घने बादलों का डेरा व दिन भर भीनी भीनी हवा चलने से धूप का असर सामान्य दिनों के मुकाबले कम रहा। दोपहर दो बजे बाद मौसम में बदलाव व तेज आंधी तूफान के बाद विद्युत बाधा से मतदान केंद्रों में आंशिक बाधा आई लेकिन बाद में बैटरी की व्यवस्था से लाइट व मोबाइल टार्च की रोशनी से मतदान कुछ देर रुकने के बाद जारी रहा।आंधी तूफान में मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं को धूप से बचाने लगाए गए टेंट पंडाल तूफान में उखड़ गए। कुल मिलाकर मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। बताया गया कि कई मतदान केंद्र में तो पीठासीन अधिकारी की वजह से कई मतदाता बिना मतदान किए ही बैरंग वापस लौट गए। लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 290-291 में बीएलओ द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पर्ची का वितरण नहीं किए जाने से मतदाता जब एजेंट द्वारा जारी पर्ची व पहचान पत्र लेकर मतदान करने पहुंचे, तब पीठासीन अधिकारियों द्वारा उन्हें मतदान की प्रक्रिया से वंचित कर दिया गया। पीठासीन अधिकारियों का कहना था कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पर्ची लाने पर ही मतदान कराया जाएगा, जिससे दर्जनभर मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होकर बैरंग वापस घर लौट गए। दोपहर में जब हंगामा हुआ तब वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कुछ मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पर्ची के बगैर मतदान कर सके। स्काउट गाइड के कैडेटों का भी मतदान में सहयोग लिया गया।

### अंधेरे में हुई मतदान प्रक्रिया

बताया गया कि दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव होने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण टार्च के सहारे मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। तेज आंधी की वजह से विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर अंतर्गत आने वाले सिलफिली, जमदेई, लटोरी, करवा, सलका के अलावे बतरा फीडर अंतर्गत कई गांवों में पेड़ व डंगाल गिरने की वजह से विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित हो गई थी, जिस वजह से मतदान प्रक्रिया में दिक्कतों का सामना करना पड़ गया।

### मतदान में दिखा लोगों का उत्साह





लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं दिव्यांगों के मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। अस्वस्थ्य चल रहे लोगो के साथ साथ बुजुर्गों ने भी मतदान केंद्रों में पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के पूरे में अपनी आहुति दी। सुबह से ही लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से अपने मतदान दिए।मतदान को लेकर संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस हथियारबंद जवानों के साथ लगातार गश्त पर थी।बिश्रामपुर करंजी चौकी क्षेत्र में कुल 61 मतदान केंद्रों में 65 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है।बिश्रामपुर टी आई अलरिक लकड़ा ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों में बिना किसी अवरोध के मतदान संपन्न हो गया है।वही जयनगर थाना व लटोरी चौकी क्षेत्र के कुल अस्सी मतदान केंद्रों में निर्विघ्न मतदान की खबर है।जयनगर थाने के सब इंस्पेक्टर सरफराज फिरदौसी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों में बिना किसी विघ्न बाधा के शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो गया।शाम छह बजे के बाद मतदान केंद्रों से हिसाब मिलवा पोलिंग कर्मियों को ईवीएम के साथ सुरक्षित मुख्यालय भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

### ईवीएम में आई खराबी, दो घंटे विलंब से शुरू हुआ मतदान



**सलका अधिना।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। आज सुबह से ही मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचे और कतार लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे। मतदान केन्द्र क्रमांक 125 अधिना में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदान करने पहुंचे और कतार लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे तो पता चला कि ईवीएम मशीन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई है। दो मशीन आने के बाद लगभग डेढ़ से दो घंटे विलंब से मतदान शुरू हुआ। इस बीच धूप से बचने के लिए कुछ मतदाता वापस लौट गए जबकि कुछ कतार में खड़े रहे।

### ईवीएम खराब, ग्राम छिंदिया व कोट में एक घंटा प्रभावित रहा मतदान





**रामानुजनगर।** मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला छिंदिया में ईवीएम मशीन खराब होने के कारण लगभग एक घंटा मतदान प्रभावित रहा। मतदान शुरू होने के 40 मिनट बाद ही मशीन में खराबी आ गई थी। जानकारी के अनुसार सरगुजा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर विधानसभा के ग्राम छिंदिया के मतदान केंद्र क्रमांक 187 में निर्धारित समय में मतदान शुरू हुआ। अभी मतदान शुरू हुए महज 40 मिनट ही हुए थे कि ईवीएम मशीन में खराबी आ गई जिससे लगभग 7.40 से 8.45 बजे तक मतदान प्रभावित रहा। जबकि 40 लोगों का ही मतदान हो पाया था। इधर ईवीएम मशीन की खराबी की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए टेक्नीशियन इंजीनियर को भेज कर ईवीएम मशीन का सुधार कराया। जिसके बाद लगभग एक घंटा के बाद मतदान पुनः प्रारंभ हुआ। इसी प्रकार विधानसभा प्रेमनगर के ग्राम पंचायत कोट 2 के मतदान केन्द्र क्रमांक 2/134 में 1.40 बजे ईवीएम मशीन खराब हो गया जिससे 1 घंटा 10 मिनट तक मतदान प्रभावित रहा। दूसरा ईवीएम मशीन बदलने के बाद मतदान प्रारंभ हुआ।

**आंधी व बारिश से गिरे टेंट पंडाल-** आज दोपहर अचानक मौसम खराब होने के साथ बारिश व तेज आंधी से मतदान प्रभावित हुआ। सरगुजा लोकसभा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के रामानुजनगर ब्लॉक में अचानक मौसम खराब होने साथ भारी बारिश व आंधी तुफान आने लगा जिससे मतदान केन्द्र के सामने लगाए गए टेंट पंडाल गिर गए वहीं मतदान करने पहुंचे लोग बारिश से बचने आसपास के घरों में चले गए। तेज आंधी व बारिश से लगभग एक घंटा मतदान प्रभावित रहा। । इस बीच मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस प्रकार की स्थिति अन्य मतदान केंद्रों की जहां लगभग एक घंटा तक मतदान प्रभावित रहा। मतदान केंद्र में लगा टेंट हवा तूफान के कारण उखड़ कर गिर गए वहीं कई जगह तूफान के कारण पेड़ के डाल टूट गए।

## हत्या की नीयत से स्कूटी सवार को टक्कर मारने वाला युवक गिरफ्तार

**महिला द्वारा सावधानी पूर्वक वाहन चलाने दिए सलाह पर दिया था घटना को अंजाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला द्वारा युवक को सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की समझाइश इस कदर नागवार गुजरी कि युवक ने महिला को जान से मारने की नियत बना ली। परिवार के साथ स्कूटी से जा रही महिला को युवक ने हत्या करने की नियत सफारी वाहन से टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला समेत बहू व पोता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के मुताबिक अस्पताल रोड मणिपुर निवासी सुभाष चंद्र अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 15 जनवरी को सफारी स्टॉर्म वाहन क्रमांक सीजी 15 डीई 5101 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर स्कूटी सवार पत्नी, बहु और पोता को टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आहतो क़े ईलाज क़े पश्चात बयान एवं अन्य गवाहों क़े बयान दर्ज किए। बयान में आए तथ्यों क़े आधार पर पता चला कि दुर्घटना सड़क हादसा नही बल्कि पूर्व नियोजित थी। घटना से एक दिन पूर्व सुभाषचंद की पत्नी ओमनी अग्रवाल द्वारा आरोपी सफारी स्टोर्म चालक क्रमांक सीजी 15 डीई 5101 नवीन गुप्ता कों ठीक से सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की समझाईस दी थी। इसी बात से नाराज नवीन गुप्ता ने ओमनी अग्रवाल कों धमकी दी और हत्या करने की नीयत से आरोपी ने जानबूझकर स्कूटी सवार महिला, बहु एवं पोता कों वाहन क्रमांक सीजी 15 डीई 5101 से सामने से टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने जांच मे आए तथ्यों क़े आधार पर आरोपी वाहन चालक नवीन गुप्ता को पकड़ कर पूछताछ किया गया तो आरोपी ने जानबूझकर हत्या करने की नीयत से उक्त घटना कारित करने की बात कबूल की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 307 जोड़कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक वंश नारायण शर्मा, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, आरक्षक अनुज जायसवाल, वीरेंद्र पैकरा सक्रिय थे।

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी जवानों की स्कार्पियो, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

मतदान के दौरान सरगुजा-बलरामपुर जिले की सीमा चौकी पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने जा रहे असम पुलिस के जवानों से भरी स्कार्पियों एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पोतरी नाला जंगल में पलट गई। दुर्घटना में दो जवानों को चोटें आई हैं। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में असम पुलिस के 363 कंपनी की ड्यूटी लगाई गई है। जवान क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। जवानों की अलग-अलग टीमें विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रहीं। मतदान के दौरान अपराह्न 2 बजे असम पुलिस के जवान गावर नदी स्थित सरगुजा-बलरामपुर की सीमा पर स्थित चेकपोस्ट की सुरक्षा का जायजा लेने स्कार्पियों क्रमांक सीजी 13 बी 4776 से जा रहे थे। इस



दौरान पोतरी नाला जंगल में विपरीत दिशा से एक युवक तेज रफ्तार से आ रहा था। अनियंत्रित गति से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में दो जवानों को चोटें आई हैं। वाहन में सवार जवान मोहइल्ड इसनारा के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं वहीं केहसान इंडे की ऊंगली कट गई है। दुर्घटना ग्रस्त वाहन निजी है तथा निर्वाचन कार्य के लिए वाहन का अधिग्रहण किया गया था।

### दुकान में सेंध लगाकर 21 हजार रुपए पार

**अम्बिकापुर।** सीतापुर निवासी संचालक संजय गोयल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि मुख्य मार्ग स्थित कपड़ा दुकान को शनिवार की रात दुकान बंद कर घर आ गए जबकि दुकान के 10 कर्मचारी भी अपने घर चले गए। हर रोज की भांति दूसरे दिन सुबह 10 बजे दुकान खोला तो देखा सीढ़ी में ईट का टुकड़ा पड़ा है जबकि दीवार में सेंध लगा हुआ था। संचालक ने काउंटर की तलाशी ली तो काउंटर में रखे 21 हजार रुपए गायब थे। जबकि दुकान में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम दिरंग निवासी संजय कुमार आ. दहन राम विश्वकर्मा (25 वर्ष) गत दिन ओम शिवाय पैकरा व पिंटू दास के साथ मोबाइल बनवाने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 3982 से बतौली जा रहे थे। ओम शिवाय पैकरा बतौली में संजय को उतार पिंटू के साथ अम्बिकापुर रोड स्थित मोबाइल दुकान जा रहे थे। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीएफ 7622 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### भैंस के घसीटने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम बकमेर निवासी रूद्र प्रसाद आ. आलम साय (45 वर्ष) गत दिन भैंस को घर के समीप बांध रहा था। इसी दौरान भैंस अचानक भागने लगा। भैंस के भागने से रस्सी रूद्र प्रसाद के हाथ में फंस गई जिससे भैंस उसे काफी दूर तक घसीट कर ले गया जिससे ग्रामीण सिर व शरीर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

सरगुजा मार्केट

24/7 Emergency Service
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.रितेश गुप्ता
डॉ.इति गुप्ता
डॉ.मनीष गुप्ता
दिनांक 5 मई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता
MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन
MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
▪ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
▪ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
▪ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
▪ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
▪ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसिन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक-12 मई 2024 दिन रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

## मतदान के नजारे....














### पेड़ों की डंगाल गिरने से जगह-जगह की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त

# विक्षोभ के प्रभाव से दोपहर में छाया अंधेरा तेज रफ्तार अंधड़ के साथ हल्की वर्षा


उखड़े पेड़ को हटाते विद्युतकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- तापमान में 5 .4 डिग्री की हुई गिरावट दिन में छाया अंधेरा

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव मंगलवार को अपराह्न 2 बजे अचानक तेज बदलाव आया और आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही दोपहर में घना अंधेरा छा गया। इस दौरान आधे घंटे तक तेज रफ्तार अंधड़ चला तथा गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई। मंगलवार को सुबह चिलचिलाती धूप निकली। सुबह की चिलचिलाती धूप देखकर भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा था। सुबह 8.30 बजे ही तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। चिलचिलाती धूप में मतदान केन्द्रों में वोट देने के लिए लाइन में खड़े लोग पसीना से तरबतर हो गए थे। दोपहर 2 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही अंधेरा छा गया तथा गरज-चमक होने लगी। इस दौरान आधे घंटे तक तेज रफ्तार अंधड़ चला तथा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई जबकि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी वर्षा होने की सूचना है। ग्रामीण क्षेत्रों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार का अंधड़ चला जिसके कारण जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं वहीं पेड़ों की डंगाल टूटकर विद्युत लाइन पर गिर गई है। मौसम में आए बदलाव के कारण अधिक वर्षा तो नहीं हुई है लेकिन भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ आगामी दो दिनों तक प्रभावी रहेगा इस दौरान तेज रफ्तार अंधड़ चलने के साथ ही कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मराठवाड़ा के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण एवं मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक द्रोणिका सक्रिय होने के कारण पर्याप्त नमी पहुंच रही है। वर्तमान में विक्षोभ मध्यप्रदेश, विदर्भ, उड़ीसा एवं झारखण्ड में सक्रिय है। आसमान पर अभी भी बादलों की सक्रियता है। ऐसे में रात में भी कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर गर्मी असर दिखाएगी।

### आंधी व बारिश से गिरी घर की दीवार,बाल-बाल बचे लोग



रजपुरी कला। आज दोपहर अचानक आंधी तूफान के साथ शुरू हुई तेज बारिश से ग्राम पंचायत सिरकोतंगा स्थित एक घर का दीवार ढह गया। गनीमत था कि परिवार के लोग दूसरे कमरें में थे नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। जनपद पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकोतंगा के वार्ड क्रमांक 6 निवासी बनारसी राजवाड़े का घर अचानक मौसम बदलने के कारण व आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश से बनारसी राजवाड़े का घर के एक हिस्से का दीवार भरभराकर गिर गया। घर का दीवार ढहने से लगभग 50 हजार रुपए से ज्यादा का नुकसान बताया जा रहा है। घटना क समय घर के लोग वहां नहीं थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घर मालिक ने बनारसी राजवाड़े ने बताया कि घर लगभग 10 वर्ष पहले बनाए थे।

### अंधड़ में उखड़े मतदान केन्द्रों के टेंट-पंडाल

तेज रफ्तार अंधड़ में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में लगाए गए टेंट-पंडाल उखड़ गए। इस तरह की स्थिति शहरी क्षेत्र के कुछ मतदान केन्द्रों में भी देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में इस तरह की घटनाएं अधिक हुई हैं। टेंट-पंडाल उखड़ने के दौरान मतदान केन्द्र में बारिश से बचने की व्यवस्था नहीं होने के कारण मतदाता बारिश में भींगते रहे। इस दौरान महिला मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### अंधड़ से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

अंधड़ से ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पेड़ों के उखड़ने के साथ विद्युत लाइन पर पेड़ों की डंगाल एवं बांस गिरने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत लाइन ध्वस्त हो गई है। अंधड़ से शहरी क्षेत्र में मामूली नुकसान हुआ है जबकि अम्बिकापुर ग्रामीण, दरिमा, लखनपुर, उदयपुर, लुण्ड्रा में 100 से अधिक स्थानों पर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण आपूर्ति बाधित हो गई है। विद्युत के अभाव में प्रभावित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान टार्च की मदद से मतदानकर्मियों ने मतदान की प्रक्रिया पूरी की।

#### 5 डिग्री से अधिक गिरा पारा

विक्षोभ के प्रभाव से हल्की वर्षा होने एवं शीतल हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिल गई। वर्षा होने के बाद तापमान में 5.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो दिनों तक धूप-छांव का प्रभाव रहने के साथ ही गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। इस दौरान धूप भी निकलेगी लेकिन बादलों के प्रभाव से मौसम में बदलाव भी होगा। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को सुबह 8.30 बजे 31.0 डिग्री, 11.30 बजे 34 डिग्री, दोपहर 2.30 बजे 34.2 डिग्री एवं शाम 5.30 बजे 35.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 5.4 डिग्री की गिरावट होने से गर्मी से राहत मिल गई है।



## 25 किमी का पैदल सफर कर मतदान करने पहुंचे पण्डो समाज के मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

- मतदाताओं में भारी उत्साह, 90 फीसदी तक वोटिंग

लोकसभा चुनाव को लेकर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदाता घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। मतदान में महिला मतदाताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सरगुजा संसदीय क्षेत्र के मतदान को लेकर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। दशकों से मूलभूत सुविधाओं से जूझने के बावजूद अपना घरबार छोड़कर 3 वर्षों से बलियरी जंगल में जीवन गुजार रहे विशेष संरक्षित पण्डो समुदाय के लोगों ने 25 किमी का पैदल सफर तय कर सीमावर्ती मतदान केन्द्र लुल्ह में मतदान करने पहुंचे। अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद ग्रामीण वापस पैदल चलकर देर रात अपने घर लौटे। दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ का आश्रित गांव है तेलाईपाट बस्ती पहाड़ी पर बसा है। अभी तक तेलाईपाट तक सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीण जंगल-पहाड़ के रास्ते पैदल आवागमन करते हैं। गांव में विशेष संरक्षित पंडो समुदाय के लोग रहते हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। पेयजल संकट के कारण गांव के लोग बलियरी जंगल में नदी किनारे अपना गुजर-बसर कर रहे हैं। शासन-प्रशासन की पहल पर कुछ परिवार वापस गांव लौट गए जबकि 20 परिवार अभी भी जंगल में खानाबदोश जीवन जी रहे है। ग्रामीणों का मतदान केन्द्र ग्राम पंचायत खोहिर के आश्रित ग्राम लुल्ह निर्धारित किया गया है। मंगलवार बलियरी जंगल में निवासरत 45 सदस्य 25 किमी का सफर तय कर मतदान करने लुल्ह पहुंचे तथा मतदान करने के बाद वापस पैदल घर के लिए निकले। तेलाईपाट पहाड़ी पर निवासरत समुदाय के अन्य ग्रामीण भी 6 किमी एवं ग्राम मुण्डा के ग्रामीण 10 किमी का पैदल सफर कर मतदान केन्द्र लुल्ह पहुंचे थे। मंगलवार को क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में चिलचिलाती धूप निकलने के बावजूद लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहें। मतदान को लेकर लोगों के उत्साह का अंदाजा उनके मतदान प्रतिशत से लगाया जा सकता है। सरगुजा संसदीय चुनाव में मतदान केन्द्र रसौकी में 90 प्रतिशत, उमझर में 76 प्रतिशत, महुली में 78 प्रतिशत, करौटी अ में 81 प्रतिशत एवं मोहरसोप में 84 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### मतदान के लिए नदी-पहाड़ का सफर



बलरमपुर/राजपुर। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता इस उम्मीद से अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है कभी तो उनकी भी तकदीर और गांव तस्वीर बदलेगी। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए सरगुजा संसदीय सीट में खासा उत्साह देखने को मिला और भीषण गर्मी में मतदाता वोटिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान बलरामपुर जिले के बलरामपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़िया दामर के पहाड़ी की ऊंची चोटी पर स्थित बचवार पारा से भी मतदाता पहाड़ से पैदल उतरकर मतदान करने पहुंचे। बचवार पारा की आबादी लगभग डेढ़ सौ की है और कुल मतदाताओं की संख्या 68 है। बचवार पारा का मतदानकेन्द्र पहाड़ से नीचे बुधुडीह प्राथमिक शाला में बनाया गया था। दोनों बस्तियों के बीच की दूरी दस किमी की है। गांव तक जाने के लिए सड़क नहीं है बल्कि ग्रामीणों को पहाड़ के रास्ते पगडंडी पर चलकर जाना पड़ता है। आज भी बचवारपारा के ग्रामीण लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेने झुलसाने वाली गर्मी के बीच दस किमी का पैदल सफर कर मतदानकेंद्र तक पहुंचे और फिर कतार में लगकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी तरह सामरी के विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत अमेरा में भी मतदाता नदी पार कर मतदान करने मतदान केन्द्र पहुंचे। ग्राम अमेरा के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के ग्रामीणों ने मत देकर जागरूकता का संदेश दिया।

## पेड़ पर लटका मिला मां-बेटे का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** ग्राम पचावल में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब जंगल में महुआ पेड़ पर मां-बेटा का शव फांसी में लटका मिला। मामला आत्महत्या का है या हत्या के बाद दोनों का शव फांसी पर लटकाया गया है इसकी जांच पुलिस कर रही है। मृतिका की मां ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सनावल थाना अंतर्गत ग्राम पचावल से लगे जंगल में सोमवार को महुआ बीनने गए ग्रामीणों ने महुआ के पेड़ पर महिला एवं किशोर का शव फांसी पर लटका देखा। शव पचावल निवासी लक्ष्मी यादव (36) एवं उसके पुत्र आशीष यादव (14 वर्ष) की थी। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव को उतारा। इधर पुलिस के जांच में पता चला कि मृतिका लक्ष्मी यादव 29 अप्रैल को इलाज कराने के नाम से घर से निकली थी। वहीं उसका पुत्र आशीष यादव 27 अप्रैल को नाना के यहां जाने के नाम पर निकला था जिसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह दोनों का शव गांव के बाहर जंगल में फांसी में लटका मिला। परिजन के मुताबिक लक्ष्मी का मोबाइल खराब हो गया था और उससे संपर्क नहीं हुआ था। पुलिस जांच में पता चला है कि लक्ष्मी यादव अपने पति हृदय नारायण यादव की दूसरी पत्नी थी। हृदय नारायण यादव की पहली पत्नी से दो बच्चे थे, जिनमें छोटे बेटे ने पिछले वर्ष फांसी लगा ली थी। बड़े बेटे का विवाह एक माह पूर्व हुआ है। मृतिका की मां मानमति यादव का आरोप है कि उसकी पुत्री एवं दामाद का पहले से विवाद चल रहा था। दामाद उसके चरित्र पर संदेह करता था। मानमति का आरोप है कि दोनों की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। सनावल थाना प्रभारी अजय साहू ने बताया कि मामले में जांच कर रही है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल सकेगा कि उनकी मौत की कारण क्या है। मृतका की मां ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## बांगों संयंत्र से विद्युत आपूर्ति ठप, 45 मिनट तक तीन जिलों में रहा ब्लैक आउट

**अम्बिकापुर।** तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के दौरान उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब दोपहर 2.15 बजे सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले में एक साथ विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। प्रारम्भ में तो विद्युत अधिकारी मतदान के दौरान आई इस बड़ी समस्या का कारण नहीं समझ पाए तथा विद्युत उपकेन्द्र में खराबी आने की संभावना से हड़बड़ी में उपकरणों की जांच करने लगे। कुछ देर बाद बांगों स्थित संयंत्र में तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप होने की जानकारी मिली तो अधिकारी एक दूसरे को फोन कर कारण एवं निवारण की स्थिति की जानकारी लेते रहे। निर्वाचन कार्य में विद्युत आपूर्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। चुनाव को लेकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मतदान केन्द्र सहित संबन्धित कार्यालयों में आपूर्ति सुचारू करने की तैयारियां करते रहे। मतदान को लेकर विभाग द्वारा विशेष तैयारियां की गई थी तथा कंट्रोल रूम बनाने के साथ ही सभी वितरण केन्द्रों में कर्मचारियों को तैनात किया गया था। इस दौरान दोपहर 2.15 बजे अचानक बांगो संयंत्र से विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। अपराह्न 3 बजे आपूर्ति सुचारू हुई तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान अंधड़ चलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह की विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# चरचा कॉलरी में 106 वर्षीय बुजुर्ग ने किया मतदान

**चरचा कालरी।** देश की 18 वीं लोकसभा गठन के लिए 7 मई को तीसरे चरण के मतदान में चरचा कॉलरी के सबसे वरिष्ठ 106 वर्षीय बुजुर्ग सेवानिवृत्त कॉलरी कर्मचारी दुर्गा ठाकुर मतदान करने के लिए बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म 1918 में हुआ, इसके पश्चात देश के हर लोकसभा चुनाव में उन्होंने मतदान किया है।




वर्ष 1947 में आजादी मिलने के बाद 25 अक्टूबर 1951 एवं 28 फरवरी 1952 के बीच देश के पहले लोकसभा चुनाव संपन्न किए गए, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रधान प्रधानमंत्री बने थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी के वर्तमान कार्यकाल तक दुर्गा ठाकुर के वोट का अहम योगदान रहा है। अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान बिहार राज्य की कोयला खदान में उन्होंने काम किया, उस समय उनके साथ श्री बंसल अधिकारी रहा करते थे जो बाद में चरचा कालरी आ गए थे।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया सम्मान

महिला मोर्चा शिवपुर चरचा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह, महिला मंडल की महामंत्री श्रीमती प्रियंका सिंह, युवा मोर्चा की जिला मंत्री साक्षी सिंह, जिला एनजीओ प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिल्पा शर्मा के द्वारा नगर पालिका शिवपुर चरचा के सबसे बुजुर्ग मतदाता दुर्गा ठाकुर को पुष्प गुच्छ भेंट कर वह मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। श्रीमती उर्मिला सिंह ने कहा कि हम सभी के लिए बेहद गर्व का विषय है कि हमें जिले के सबसे बुजुर्ग मतदाता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। भाजपा महिला मोर्चा की समस्त बहने दादा दुर्गा ठाकुर का अभिनंदन करती हैं। 106 वर्षीय दादा दुर्गा ठाकुर मतदान किए।

### चरचा में मतदाताओं ने किया उत्साह के साथ मतदान

लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में काफी उत्साह देखने को मिला। दोपहर 12 बजे के बाद चिलचिलाती धूप में मतदान में काफी फर्क देखने को मिला, वहीं 1 बजे के बाद मौसम ने करवट बदली और रिमझिम बारिश के साथ मतदातागण मतदान करने पहुंच रहे थे। नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में दोपहर 2.30 बजे तक 50 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इसमें वार्ड क्रमांक 1 ग्राम शिवपुर में 60 प्रतिशत मतदान किया गया। मतदान करने बढ़-चढ़कर ग्रामीण मतदान केन्द्र पहुंचे। नगर पालिका द्वारा सभी मतदान केन्द्रों में गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए पानी की व्यवस्था, विकलांगों को व्हील चेयर व अन्य सामग्री की व्यवस्था की गई थी। सभी केन्द्रों में नपा कर्मचारी मौजूद रहे। मतदान स्थल पर जिले के उच्चाधिकारियों का दौरा लगातार चलता रहा। शाम 5 बजे तक 62.8 प्रतिशत मतदान किया गया।

**तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)**
**माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल**
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता<br>MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी<br>MBBS, DCH, DNB<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा प्रजापति<br>MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. आशीष कुमार जायसवाल<br>एम.डी. फिजीशियन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती<br>MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि<br>BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता<br>MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता<br>MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले<br>MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थेरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024,
26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411